an>

Title: Need to formulate a drinking water project to provide clean drinking water to people of Pratapgarh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

कुँवर हरिवंश सिंह (प्रतापगढ़) ः मेरे लोक सभा क्षेत्र प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) के मुख्यालय में आज भी जनता को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पानी की टंकियां उपलब्ध नहीं है। शहर में स्थित 13 नलकूपों व पुरानी पाइप लाइन के माध्यम से नगर पालिका प्रतापगढ़ जनता को दूषित पेयजल उपलब्ध करा रही हैं। नतीजतन लोगों को अनेक जलजनित बीमारियों का शिकार होना पड़ रहा है। भूगर्भ जल की गुणवत्ता हेतु कराए गए सर्वे के नमूने में जल में उपस्थित हानिकारक तत्व जैसे फ्लोराइड, टी.डी.एस. एवं आयरन इत्यादि के साथ-साथ खारे पानी की समस्या भी गंभीर है। जनपद प्रतापगढ़ में 17 विकास खण्ड हैं जिनमें 12 विकास खण्ड "डार्क जोन" (अति दोहित) में आते हैं। मुख्यालय में मीठे पाने की समस्या को लेकर जनता बेहद परेशान है एवं अधिकतर विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर शहर की तीन चौथाई जनता पेयजल से वंचित रह जाती है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि जनपद प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) हेतु विस्तृत "पाइप पेयजल योजना" जिसमें पानी की टंकियें एवं पाइप लाइनों का समावेश हो, उस हेतु धन आवंटित कराते हुए शहर के भूगर्भ जल का रासायनिक परीक्षण पुनः करा लिया जाए। जन सेवक होने के नाते मेरा दायित्व है कि मैं प्रतापगढ़ की जनता को मीठा व शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराऊंÃ¬।